Chapter- 1


# भाषा और व्याकरण

## STUDY NOTES

- **परभिाषा-**

  एक दूसरे तक अपनी बात पहुचाने का साधन भाषा कहलाता है।

- **भाषा के दो रूप है।**




१. **मौखिक भाषा:** सुनकर तथा बोलकर अपने भाव व विचार प्रकट करना भाषा का मौखिक रूप कहलाता है।

उदाहरण: बातचीत, मोबाइल, समाचार सुनना आदि।

२. **लिखित भाषा:** जब पढ़कर तथा लिखकर मन के भावों तथा विचारों को प्रकट किया जाता है, तो वह भाषा का लिखित रूप कहलाता है।

उदाहरण: समाचार पत्र, पुस्तक, कम्प्युटर आदि।

- **लिपि**: भाषा को लिखने के लिए निर्धरित चिह्नों को लिपि कहते है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| उदाहरण: | हिन्दी | - | देवनागरी |
| | पंजाबी | - | गुरूमुखी |
| | उर्दू | - | फ़ारसी |
| | अंग्रजी | - | रोमन |

- **व्याकरण:** भाषा को शुद्ध रूप में बोलना, पढ़ना और लिखना सिखाने वाले शास्त्र को व्याकरण कहते हैं।

## आइए अब लिखें :

१.   उचित शब्दों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित वाक्य पूरे कीजिए।

क) भाषा के दो रूप मौखिक और **लिखित** होते हैं।

ख) टेलीफोन भाषा का **मौखिक** रूप है।

ग) लिखने के लिए निर्धारित चिह्न **लिपि** कहलातें है।

घ) व्याकरण हमें भाषा के **शुद्ध** रूप का ज्ञान कराता है।

ङ) फ्रांस के लोग **फ्रेंच** और गुजरात के लोग **गुजराती** भाषा बोलते हैं।

२.   वाक्यों के सामने सही (✓) या गलत (✕) का चिह्न लगाइए।

क) उर्दू भाषा की लिपि देवनागरी है। (✕)

ख) हमारी राजभाषा हिन्दी है। (✓)

ग) भाषा के तीन रूप होते हैं। (✕)

घ) भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वाला शास्त्र व्याकरण हैं। (✓)

ङ) जब हम आपस में बात करते हैं तो वह भाषा मौखिक रूप कहलाता हैं। (✓)

३.   निम्नलिखित स्थितियों में भाषा का कौन-सा रूप प्रयोग होता है ?

क) चर्चा के दौरान — **मौखिक**

ख) दूरदर्शन पर — **मौखिक**

ग) ट्रैफिक संचालन के दौरान — **मौखिक / सांकेतिक**

घ) पत्र-पत्रिकाओं में — **लिखित**

४.   उचित मिलान कीजिए।

| **भाषा** | **लिपि** |
|---|---|
| क) हिन्दी | रोमन |
| ख) अंग्रेजी | देवनागरी |
| ग) उर्दू | बांगला |
| घ) बांगला | गुरूमुखी |
| ङ) पंजाबी | फ़ारसी |

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow